# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 5 जनवरी, 2009 (पौष 15, 1930)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.34 बजे समवेत हुई.**

**सामयिक अध्यक्ष महोदया (श्रीमती जमुना देवी) पीठासीन हुईं.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन में राष्ट्रगीत **"वन्दे मातरम्"** का गायन हुआ.

### 2. सदस्यों द्वारा मौन धारण

त्रयोदश मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रथम बैठक के पावन अवसर पर अध्यक्ष महोदया द्वारा यह विचार व्यक्त किये गये -

" आज हम एक महत्वपूर्ण एवं पुनीत अवसर पर एकत्रित हुए हैं. सर्वप्रथम, मैं, त्रयोदश मध्यप्रदेश विधानसभा के लिये निर्वाचित सदस्यों का स्वागत करती हूं. संविधान के अन्तर्गत यह एक नई विधानसभा निर्वाचित हुई है, जिसके ऊपर प्रदेश और जनता के कल्याण का महान और गुरुत्तर दायित्व है. यह उपयुक्त होगा कि अपनी कार्यवाही आरंभ करने से पहले हम सब, जैसी कि ऐसे अवसर पर परंपरा रही है, खड़े होकर एक मिनिट का मौन रखें."

(परम्परानुसार सदस्यों द्वारा एक मिनट के लिए मौन धारण किया गया।)

### 3. सदस्यों की सूची पटल पर रखी जाना

प्रमुख सचिव, विधान सभा ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्राप्त विधान सभा के गठन संबंधी अधिसूचना, जिसमें आम चुनाव में त्रयोदश मध्यप्रदेश विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची दी गई है, सभा पटल पर रखी।

### 4. सभापति तालिका की घोषणा

अध्यक्ष महोदया द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया :-

(1) डॉ. नरोत्तम मिश्रा
(2) श्री सरताज सिंह
(3) श्री केदारनाथ शुक्ल
(4) डॉ. गोविन्द सिंह
(5) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी
(6) श्री रामलखन सिंह

## 5. शपथ/प्रतिज्ञान

अध्यक्ष महोदया ने घोषणा की कि सर्वप्रथम सदन के नेता, तदुपरांत मंत्रिमण्डल के सदस्यगण व सभापति तालिका के लिये नियुक्त सदस्यगण तथा तत्पश्चात् शेष माननीय सदस्यगण शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान करेंगे।

तद्नुसार, माननीय सदस्यों (सदन के नेता, मंत्री, राज्यमंत्री एवं सभापति तालिका के लिए नियुक्त सदस्यगण सहित) द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान किया गया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये।

**(अपराह्न 1.00 से 2.34 बजे तक अन्तराल)**

**सामयिक अध्यक्ष महोदया (श्रीमती जमुना देवी) पीठासीन हुईं.**

उपरोक्त क्रमानुसार, आज कुल 214 माननीय सदस्यगण द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान किया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये।

अपराह्न 3.20 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 6 जनवरी, 2009 (पौष 16, 1930) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**